केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 20/06/2025

# कोर कर्मियों द्वारा इलाहाबाद संग्रहालय उद्यान में योगाभ्यास

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा आयुष मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार को ध्यान में रखते हुए दिनांक 20/06/2025 को प्रातः 6:00 बजे चन्द्रशेखर आजाद उद्यान स्थित इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज के तत्वाधान में महाप्रबन्धक/कोर-श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, एवं केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती वन्दना श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिती में कोर कर्मियों ने योगाभ्यास किया।

योगाभ्यास के दौरान कोर में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगी श्री संजय पाण्डेय, के साथ योगासन का अभ्यास किया साथ ही उसकी बारीकियों को भी समझा तत्पश्चात श्री के.के. श्रीवास्तव, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी ने ध्यान कराया एवं उसकी मुद्राओं से अवगत कराया जिससे सभी को दैनिक दिनचर्या में लाभ प्राप्त होगा।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य विद्युत इंजीनियर (योजना) श्री एस.एस.नेगी, मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार्य) श्री उपेन्द्र कुमार, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री कल्याण सिंह एवं जनसम्पर्क अधिकारी श्री विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

(कल्याण सिंह)

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज